कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, सीवान–01।

पत्रांक 2156 / सीवान, दिनांक 25/10/24

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, सीवान–01।

सेवा में,

कमलेश कुमार सिंह
ग्राम- सुबही
पो0- जोनिया पट्टी (सिसवन)
जिला- सिवान

विषयः– PMGSY/MMGSY/3054 MR/GTSNY/NABARD अन्तर्गत अरजल बाजार से मैढ़ापाली मौजे भेरियार टोला पथ के रूटीन अनुरक्षण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेश देना है कि विषयांकित पथ पॉच वर्षीय अनुरक्षण के अधीन है। इस पथ में आपके द्वारा अनुरक्षण कार्य नहीं कराया जा रहा है। जो कि एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं का घोर उलंघन है। इस संबंध में इसके पूर्व भी कई बार मौखिक/लिखित रूप से भी निदेश दिया गया है। साथ ही इस विषय पर विभाग द्वारा भी आपति जतायी गई है।

अतः विभाग द्वारा दिये गये निदेश के अनुपालन में आपको निर्देशित किया जाता है कि पथ में अनुरक्षण कार्य पत्र प्राप्ति के तीन दिनों में संबंधित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता की देख रेख में पूर्ण कराकर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करे, अन्यथा एकरारनामा/एस0बी0डी0/एम0बी0डी के सुसंगत कंडिकाओं 17 एव 33 के तहत आपके एकरारनामा को विखंडित कर काली सूची में दर्ज करने हेतु उच्चाधिकारियों को अनुशंसा कर दी जायेगी।

कृपया इस पत्र को गंभिरता से ले।

विश्वासभाजन,

(हस्ताक्षर) 25/10/24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, सीवान–01